हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 16 जून 2024




## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार

**पाठ्यक्रम का नाम**
1. फायर टेक्नोलॉजी एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
2. बी.एस.सी. इन फायर सेफ्टी
3. पी.जी. कोर्स व्यावसायिक सेफ्टी, स्वास्थ्य व पर्यावरण मैनेजमेंट सिस्टम
4. हैल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
5. सब-फायर ऑफिसर
6. सर्टिफिकेट इन फायरमेन



(DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने का खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: - **मो.- 76972-12782 (1) पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर एवं मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर- 11, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़- 490023**

Advt.



**EXPERT COACHING CLASSES**
**NEET/JEE/FOUNDATION**
**8th 9th 10th 11th 12th (ICSE/CBSE/CG Board)**

ECC EXPERT COACHING CLASSES Learn From The Best..




Bal Bharti Public School Campus, Baldev Bagh, Rajnandgaon Cont. - 76111-66661 / 96448-96441


# धान के लिए मिलेगा 60 हजार का ऋण, कोदो-रागी के साथ कुटकी फसल के लिए भी लोन

### खरीफ सीजन के लिए किसानों को ऋण वितरण का काम शुरू, खेतों में तैयारी भी हो रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मानसून की दस्तक के साथ ही जिलेभर में खेती कार्य भी अपनी रफ्तार पकड़ लेगा। खरीफ सीजन की फसल की तैयारी में जुटे किसान अपने खेत को तैयार करने में लगे हुए हैं। वहीं खेती के लिए कर्ज लेने के लिए भी किसानों का सहकारी समिति पहुंचने का दौर शुरू हो चुका है। जिले में लगभग किसान खरीफ सीजन में धान की खेती करते हैं, ऐसे में इन किसानों के लिए इस बार राहत की बात यह है कि उनको मिलने वाले कर्ज की लिमिट बढ़ा दी गई है।

#### तीन महीने मिलेगा कर्ज

मिली जानकारी के अनुसार किसानों को खरीफ सीजन के लिए कर्ज देने की शुरूआत जून महीने से कर दी जाती है। जून से शुरू होकर यह प्रक्रिया सितंबर तक चलती है। किसानों को दिए जाने वाले इस कर्ज की वसूली लिंकिंग व नगदी में की जाएगी। खरीफ सीजन में खेती करने वाले किसानों को 16 प्रकार की फसलों की खेती करने के लिए सहकारी समिति के माध्यम से कर्ज दिया जाएगा। राज्य में खरीफ सीजन में अधिकांशतः धान की खेती की जाती है, इसलिए सबसे अधिक भंडारण धान के बीज का किया गया है। 75 हजार क्विंटल धान के बीज साथ कोदो, कुटकी रागी के बीज भी सोसायटियों में उपलब्ध कराए गए हैं।



#### नए किसानों का नया पंजीयन

सहकारी समिति से कर्ज लेने वाले किसानों का पंजीयन पांच साल के लिए किया जाता है, जो किसान पहली बार कर्ज लेने सहकारी समितियों में पहुंचेंगे, उन्हें फॉर्म भरने के साथ ही अन्य तरह की फॉर्मेलिटी पूरी करनी होगी। इसके बाद उन्हें कर्ज मिलेगा। इसके अलावा पुराने किसानों को बिना किसी पंजीयन के कर्ज दिया जाएगा, लेकिन जिन किसानों का पंजीयन कराए पांच साल पूरे हो गए हैं, उन्हें इसका लाभ लेने के लिए फिर से प्रकिया पूरी करनी होगी। इसके बाद ही उन्हें भी प्रति हेक्टेयर के मान से कर्ज दिया जाएगा।

#### इस प्रकार मिलेगा ऋण

अलग-अलग फसल के लिए ऋण वितरण का दायरा तय किया गया है। सबसे अधिक खर्च धान सिंचित के लिए 60 हजार, धान असिंचित के लिए 45 हजार, कोदो 16 हजार, अरहर-तुअर 38 हजार, मूंग उड़द के लिए 27 हजार, मूंगफली के लिए 42 हजार, तिल 25 हजार, सोयाबीन 48 हजार, मक्का 45 हजार, रामतिल 28 हजार, ज्वार 20 हजार, कपास सिंचित के लिए 44 हजार, कपास असिंचित के लिए 36300, झुरगा 20350, टाऊ फाफर और रागी के लिए 15 हजार व कुटकी के लिए 17 हजार रुपए ऋण किसानों को प्रति एकड़ दिया जाएगा।

किसानों को अब प्रति हेक्टेयर 58 हजार नहीं, बल्कि 60 हजार रुपए का कर्ज बैंक द्वारा दिया जाएगा। इसके साथ ही रागी, कोटो और कुटकी जैसी फसलों के लिए भी बैंक से किसान लोन ले सकते हैं। हर फसल के लिए अलग दायरा तय किया गया है। करीब 16 प्रकार की फसलों के लिए बैंक से किसानों को 15 हजार से लेकर 60 हजार रुपए तक लोन दिया जाएगा। किसान को धान के लिए प्रति हेक्टेयर 3 तो वहीं रागी के लिए हजार रुपए अधिक मिलेंगे। ऋण के लिए किसानों को ब्याज भी नहीं देना पड़ेगा।

### स्थानीय सहित पड़ोसी जिलों से मंगानी पड़ी फायर ब्रिगेड

# एबीस के गोदाम में लगी आग, करोड़ों का माल खाक, देर रात तक चली मशक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के इंदामरा स्थित एबीस ग्रुप के माल गोदाम में शनिवार दोपहर आग लग गई। करीबन तीन बजे इस आग की खबर सामने आते ही मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया था। तत्काल कंपनी की फायर ब्रिगेड वाहनों को मौके पर बुलाकर आग बुझाने की कोशिश की गई।

हालांकि आग अधिक होने के चलते काबू पाने के लिए पड़ोसी शहरों से भी फायर ब्रिगेड बुलानी पड़ी। देर रात तक आग बुझाने के लिए मशक्कत चलती रही। करोड़ों रुपए का माल खाक होने की सूचना सामने आई है। हालांकि इस हादसे में किसी भी प्रकार की जानहानि नहीं हुई है। इधर मामले में आग लगने का कारण पता लगाया जा रहा है। बड़ी मात्रा में कच्चा माल होने के चलते आग भीषण होती गई।





#### आधा दर्जन फायर ब्रिगेड ने संभाला मोर्चा

आग लगने की खबर फैलते ही उसे बुझाने की मशक्कत भी शुरू कर दी गई थी। कंपनी की तीन फायर ब्रिगेड के अलावा स्थानीय फायर ब्रिगेड की तीन टीम मौके पर पहुंचकर आग बुझाने की कोशिश में जुट गई। करीबन एक घंटे तक आग बुझाने की कोशिशें चलती रही, लेकिन आग अधिक होने के चलते फिर दुर्ग से दो, डोंगरगांव से एक और डोंगरगढ़ से एक फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। बताया गया कि आग अधिक होने के चलते फायर ब्रिगेड को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसके अलावा जिस गोदाम में आग लगी थी, वहां पर बड़ी मात्रा में कच्चा माल था, ऐसे में आग पर काबू पाने के लिए जेसीबी की मदद से कुछ दीवारें तोड़नी भी पड़ी। देर रात तक आग बुझाने का संघर्ष चलता रहा।

#### तेल पैकिंग का होता था काम

मिली जानकारी के अनुसार जिस स्थान में आग लगी, वहां पर तेल पैकेट की पैकिंग का काम किया जाता था। इसके अलावा बड़ी मात्रा में टीन भी गोदाम में पड़ा हुआ था। बताया गया कि करीबन एक महीने के पैकिंग का सामान वहां था। यही वजह रही कि आग लगने के बाद उसे भीषण होने में ज्यादा समय नहीं लगा। हालांकि आग लगते ही सभी कर्मी सुरक्षित बाहर निकल आए थे। जिसके चलते किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

#### करोड़ों का नुकसान

आईबी ग्रुप द्वारा दी गई जानकारी अनुसार गोदाम में कार्टून पैकिंग मटेरियल, बीओपीपी बैग, पोल्ट्री मेडिसीन व वैक्सीन रखा हुआ था। घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। अग्निशमन कार्यालय दुर्ग, राजनांदगांव निगम, डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ नगर पालिका की फोम फायर ब्रिगेड ने आईबी ग्रुप की पूरी टीम के साथ मिलकर आगजनी पर काबू पाया। पलिस प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसपी मोहित गर्ग, जिला अग्निशमन अधिकारी एके सिंग के मार्गदर्शन में आगजनी पर सफलतापूर्वक काबू पाया गया। उक्त आगजनी पर करोड़ों रुपए के नुकसान होने की आशंका है। आईबी ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर ने सभी सहयोगियों व प्रशासन दुर्ग से आए अग्निशमन अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। साथ ही आईबी ग्रुप के समस्त कर्मचारियों को आगजनी पर त्वरित काबू पाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### औंधी थाना क्षेत्र के आलकन्हार गांव की घटना

# धान बोने गई मां पर सनकी बेटे ने कुल्हाड़ी से किया वार, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला




शुक्रवार सुबह धान बोआई के लिए खेत पहुंचे मां-बेटे की आपसी कहां-सुनी हत्या के संगीन जुर्म में तब्दील हो गया। अर्द्धविक्षिप्त की तरह हरकत करने वाले कलयुगी पुत्र ने खेत में काम कर रही अपने मां को कुल्हाड़ी से गोद-गोद कर मार डाला। घटना के संज्ञान में आने के बाद हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी सहित आरोपी पुत्र को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह औंधी ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम आलकन्हार निवासी सनायोबाई लकड़ा पति बुधन साय लकड़ा 50 वर्ष तथा छोटा लड़का गणेश्वर लकड़ा 24 साल धान बोआई को लेकर अपने खेत गए हुए थे। दोनों मां-बेटे के बीच किसी बात को लेकर साधारण कहा-सुनी हुई, इतने में बेटे ने खेत साफ करने घर से साथ ले गए कुल्हाड़ी से अनगिनत प्रहार कर अपनी मां की दर्दनाक हत्या कर दी। मामला को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी युवक मस्तिष्क रोगी है। इस मामले में औंधी पुलिस ने कुल्हाड़ी को बरामद करते आरोपी पुत्र को हिरासत में ले लिया है।

#### बेटे के इलाज के लिए जीवनभर भटकी मां, उसी ने की हत्या

मां की दर्दनाक हत्याकांड को अंजाम देने वाले कलयुगी बेटे के मस्तिष्क रोग के इलाज के लिए गरीब परिवेश में जिंदगी गुजारने वाली मृतिका सनायोबाई लकड़ा अपने जिंदा रहते वह सभी दहलीजों पर कम रखी, जहां उसे उम्मीद था कि उसका बेटा ठीक हो जाएगा, परंतु वही बेटे ने कुल्हाड़ी से गोद-गोद कर अपनी मां को दर्दनाक मौत दे दिया।

#### लकड़ी लाने के लिए पति गया था जंगल, इधर पत्नी की मौत

घटना को लेकर बताया गया कि घर का मुखिया मृत महिला का पति बुधन साय बरसात के मौसम को देखते घर मरम्मत के लिए लकड़ी के इंतजाम करने जंगल गया हुआ था। इधर उसके छोटे बेटे ने खेत में हत्या को अंजाम दे दिया।

#### हिरासत में आरोपी बेटा

मामला संज्ञान में आते ही मर्ग कायम कर विवेचना के साथ औंधी पुलिस ने चंद घंटों के भीतर महिला के हत्या का मामला सुलझा लिया। इस प्रकरण में हत्या का एफआईआर दर्ज करते कुल्हाड़ी सहित आरोपी गणेश्वर को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

### भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ कार्यकर्ता हुए शामिल

# विस में मिली प्रचंड लीड का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को मिली जीत में राजनांदगांव विस से मिली प्रचंड लीड का आभार जताने के लिए शनिवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से लेकर राजनांदगांव विस के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। इस कार्यक्रम में चुनाव में मिली लीड को लेकर कार्यकर्ताओं का आभार जताने के साथ ही उनके लिए भोजन का आयोजन किया गया था।



#### दिग्गजों की उपस्थिति

भाजपा के कार्यक्रम में विस के कार्यकर्ताओं के साथ ही प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता भी शामिल रहे। सीएम विष्णुदेव साय, विस अध्यक्ष डॉ रमन सिंह सहित प्रदेश के मंत्री, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरणदेव, राजेश मूणत, भूपेन्द्र सवन्नी, नारायण चंदेल, खुबचंद पारख, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, मधुसूदन यादव, अशोक शर्मा, नीलू शर्मा, भरत वर्मा सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

**विधानसभा से पहुंचे कार्यकर्ता** : मिली जानकारी अनुसार भाजपा के इस कार्यक्रम में नांदगांव विस के हर बूथ से कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया था। संगठन के सदस्यों के साथ ही महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और अन्य प्रकोष्ठ के सदस्य भी इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं को आला नेताओं ने संबोधित कर राजनांदगांव विस में मिली लीड के प्रदर्शन की प्रशंसा भी की गई।


**संजीवनी**
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
**डॉ. किशोर सांगोड़े**
MBBS, MD (Internal Medicine)
- ब्लड प्रेशर
- शुगर
- थायराइड
- बुखार
- खांसी
- छाती रोग
- पेट रोग
- किडनी
- लकवा
- माइग्रेन
- श्वास तथा हृदय संबंधित समस्या
- नसों से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ

OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365



## खबर संक्षेप

### महिलाओं ने गांव में किया सफाई



**घुमका।** सरपंच फूलमती वर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान की शुरुआत गांधी चौक से की गई। महाराणा प्रताप चौक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर, बस स्टैंड, पंचायत परिसर, सहकारी बैंक, प्राथमिक एवं कन्या पूर्व माध्यमिक शाला परिसर एवं अटल बाजार में सफाई किया गया। अभियान में डाली दुबे, योगिता चंदेल, साधना गायकवाड, डिलेश्वर वर्मा, मितानिन एवं महिलाएं शामिल हुई।

### उल्लास से मनाया जाएगा ईद उल अजहा



**छुईखदान।** ईद उल अजहा को ध्यान मे रखते हुए स्थानीय थाने में शांति समिति की बैठक हुई। आगामी 17 जुन को ईद उल अजहा त्योहार है जिसे लेकर स्थानीय थाना परिसर में एसडीएम रेणुका रात्रे की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में त्योहार को धार्मिक सौहार्द के साथ मनाने पर चर्चा की गई।जिस पर नगरवासीयों ने सहमति दी। बैठक में तहसीलदार मोक्षदा देवांगन, थाना प्रभारी शिवकुमार गेंदले, उप निरीक्षक श्री सिन्हा, नंद कुमार वैष्णव, मनोज चौबे, सज्जाक खान, नीलम वैष्णव, विक्रांत चन्द्राकर, शोएब रजा, अर्जुन महोबिया, पन्ना मंडावी, पार्षद सिलोटिया सहित अन्य उपस्थित थे।

### पांच दिवसीय योग शिविर 17 से

**सड़क अतरिया।** राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत आयुष विभाग द्वारा ग्राम पंचायत सड़क अतरिया में 17 से 21 जून तक योग शिविर का आयोजन किया गया है। योग प्रशिक्षक द्वारा सोमवार से सुबह 7 से 9 बजे तक विभिन्न प्राणायाम एवं आसन करने का तरीका एवं महत्व बताया जाएगा। विभाग ने लोगों से शिविर में भाग लेने की अपील किया है।

### शोकाकुल परिवार से मिले सांसद

**अंबागढ़ चौकी।** भाजपा मंडल के वरिष्ठ नेता स्व.संतोष लाटा के निधन पर सांसद संतोष पांडे ने परिजनों से मुलाकात सांत्वना व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, दिलीप वर्मा, मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, राजेश सिंगी, मोहन जैन, देवनारायण कुंभकार, राजेश जैन गुजराती, सतीश शर्मा, संतोष साहू, दिलीप कौशिक उपस्थित थे।

### पेयजल संकट के समाधान के लिए सौंपा ज्ञापन



**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने जल समस्या से जूझ रहे सीतागोटा वासियों के साथ कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने शीघ्र जल समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। श्री लोधी ने बताया कि सीतागोटा के ग्रामीण पानी के लिए तरस रहे हैं। पीएचईडी विभाग को पूर्व में इस समस्या से अवगत कराया गया था फिर भी उनकी सुध नहीं लिया गया। उन्होंने बताया कि गांव में लगभग 6 माह से जल समस्या बनी हुई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान सरपंच कुमबाई, आत्माराम चन्द्रवंशी, चिंताराम सिहारे, गंगा प्रसाद, दामोदर बागड़े, उदय कंवर, परमानंद, सुरेन्द्र, फगन कंवर, प्रमोद कंवर, विश्राम वर्मा आदि उपस्थित थे।

### कहीं बरसे फूल तो कहीं लोगों ने उतारी आरती

# मतदाताओं के बीच पहुंचे सांसद पांडेय ने जताया सबका आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



नवनिर्वाचित सांसद संतोष पाण्डेय शुक्रवार को मतदाताओं का आभार व्यक्त करने नगर पहुंचे। नगर के एक स्थान पर लड्डू तौला गया, वहीं जगह जगह आरती उतारी गई। दूसरी बार निर्वाचित होने के बाद पहुंचे श्री पाण्डेय का गाजे बाजे के साथ चौकी मार्ग पर स्वागत किया गया।

भाजपा नेता अनिल टावरी तथा परिजनों ने आरती उतारा। तत्पश्चात विजय जुलुस मुख्य मार्ग, शिव मंदिर चौक, फौव्वारा चौक, सदर लाईन, बाजार एरिया, चंडी मंदिर चौक, श्रीराम द्वार चौक होते हुए पुराना बस स्टैण्ड पहुंचा। यहां सभा का आयोजन किया गया। इससे पहले गांधी निवास में सांसद को लड्डूओं से तौला गया। पुराने बस स्टैंड में आयोजित सभा में लोकसभा चुनाव के सहसंयोजक दिनेश गांधी ने श्री पाण्डेय का मारवाड़ी साफा पहनाकर तो पूर्व नपं अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता ने खुमरी पहनाकर अभिनंदन किया।

इस दौरान सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और मेहनत से भाजपा ने जीत हासिल किया है। इस दौरान भरत वर्मा, रमेश पटेल, रविन्द्र वैष्णव, जागृति यदु, पवन जैन, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, स्वरूपचंद जैन, चुन्नी यदु, रामकिशन माहेश्वरी, टामेश्वर साहू, उत्तमचंद नाहटा, डॉ. निरेन्द्र साहू, फागूराम सिन्हा, रामकुमार गुप्ता, राजेन्द्र जैन, दिनेश साहू, किशोर यादव, अरूण जैन, इन्दूमति साहू, संतोष यादव, बालकृष्ण सिन्हा, अंजू त्रिपाठी, अपर्णा तिवारी, कुंती चौधरी, गुलशन हिरवानी, हेमंत चोपड़ा, दिव्यांश जैन, अंकित गब्बर जैन, अनिल टावरी, तखतराम सोनकर, मनीष साहू, अजय वैष्णव, बिरेन्द्र साहू, रमेश सोनी, धनराज ठाकुर, लोकेश यदु, योगेश पटेल, कोमल साहू, रूखम चंद्रवंशी, टुम्मन साहू, डिकेश साहू, लक्ष्मीनारायण सेन, बोधीराम साहू, जागेश्वर यादव, थनवार सिन्हा, गोकुल सिन्हा, टीकाराम सोनकर, मनबोधी पटेल, पुरूषोत्तम साहू, दीना पटेल, दयानंद सेन, राकेश देवांगन, महेश कुंभकार, राजू गिरी, नसीब रात्रे, लक्ष्मण साहू, रामानंद निर्मलकर, कमलनारायण साहू, जनक साहू, खेमूदास साहू, प्रांजल श्रीवास्तव, एमके अत्री, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, महेश्वर साहू, धनीराम चौधरी, हृदयराम चंद्रवंशी सहित अन्य उपस्थित थे।

### मतदाताओं से की रूबरू मुलाकात



**अंबागढ़ चौकी।** लोकसभा चुनाव में दूसरी बार निर्वाचित संतोष पांडे के नगर आगमन पर भाजपा मंडल ने भव्य स्वागत किया। उन्होंने सभी मतदाताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर भरत वर्मा, संजीव शाह, गीता घासी साहू, मदन साहू, दिलीप वर्मा, रविन्द्र वैष्णव, गुलाब गोस्वामी, अरुण यादव, कमलेश सारस्वत, रियाजुद्दीन कुरैशी, राजकिशोर खंडेलवाल, राजेश सिंघी, पवन गुप्ता, घासी साहू, गोलू सूर्यवंशी, भारत भूषण राजपूत, देवनारायण कुंभकार, विनती शर्मा, अविनाश त्रिपाठी, कांशी निषाद, सुधीर शुक्ला, राजेश जैन गुजराती, विमल यादव, गौरव शर्मा, सुशीला रावटे, चुनू साहू, ढालसिंह साहू, सतीष शर्मा, कुंजलता हरमुख, गौरी शंकर गुरले, अमर खोबरागढ़े, मूलचंद भैंसवारे, रामाधार हिरवानी, संतोष विश्वकर्मा, चंदन उपाध्याय, ईश्वरी धुर्वे, संतोष साहू, दिनेश्वर साहू, शुभम लता, राजू सिन्हा, राहुल चंद्राकर, उत्तम गिरी गोस्वामी, योगमाया साहू, मोनी साहू, कुमारी बाई बाघमारे, तीजन मानिकपुरी, कल्पना वट्टी, शंकर तिवारी, उमादेवी टिमरी, शंकर मानिकपुरी, आशीष द्विवेदी, सैयद अज़हरुद्दीन, नेहरू रजक, मोहसिन खान, धर्मेंद्र साहू, सुरेश नेताम , शशिकांत बाजपेयी, प्रथम त्रिपाठी, ओम शरण सिन्हा, गजेंद्र मंडावी, समीर खान, दधनीराम मंडावी, राजकुमार खंडेलवाल, दिलीप कौशिक, संदीप मेश्राम, श्यामा देवी निवारे, प्रतिभा यादव, माया देवी बाजपेयी, नंदा गायकवाड़, देवीलाल पटेल, रूपेश यादव, विनोद निषाद, गणपत पटेल, भीष्म साहू, नरेश सिन्हा, रोहित सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

# सरकारी दुकानों में घटिया शराब खपाने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शासकीय शराब दुकानों के संचालक लोगों की पसंद के बजाए अपनी मर्जी से शराब थमा रहे है।

■ उल्टी दस्त होने और बीमार पड़ने की मिल रही शिकायतें

दुकानों से बदबूदार देशी शराब खपाये जाने की जानकारी मिल रही है। कटली स्थित शराब दुकान में देशी शराब की 3 ब्रांड उपलब्ध है। शोले, यूनिक और रोमियों के नाम से बिक रही शराब को पीने के बाद शारीरिक परेशानी होने की शिकायत मिल रही है। शराब दुकानों से रोमियों ब्रांड की शराब सर्वाधिक खपाने की बात सामने आ रही है जिसमें दुर्गंध आने की शिकायत मिल रही है। रोमियों ब्रांड की शराब पीने के बाद लोगों को उल्टी दस्त होने और तबियत बिगड़ने की शिकायत सामने आने के बाद भी आबकारी विभाग गंभीरता से नहीं ले रहा है।

### शहर में बढ़ा शराब का कारोबार

कांग्रेस शासन के दौरान शराब की अवैध बिक्री को लेकर भाजपा अक्सर आंदोलन करते रही है। अब सत्ता परिवर्तन के बाद चौक चौराहों एवं पान की दुकानों में शराब की बिक्री होने के बाद भी भाजपा के लोग चुप है। जानकारी के अनुसार पहले शहर में करीब 100 शराब कोचिया सक्रिय थे जिनकी संख्या बढ़कर अब 500 तक पहुंच गई है। पुलिस एवं आबकारी विभाग के संरक्षण में कोचियों को धड़ल्ले से बड़े पैमाने पर शराब मुहैया कराया जा रहा है। बताया जाता कि बोरतलाव और कटली दुकानों में प्रति पेटी 200 रूपए कमीशन कोचियों से लिया जाता है। वहीं ढाबा संचालकों से 30 हजार, ठेला एवं खोमचे वालों से 10 से 20 हजार तक उगाही किया जा रहा है।

## निधन

### बद्रीप्रसाद भूत



**डोंगरगढ़।** श्याम स्वीटी के संचालक मुकेश कुमार भूत, दीनू भूत के पिता बद्रीप्रसाद भूत का शुक्रवार की रात 8 बजे निधन हो गया। वह कई माह से अस्वस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। बद्रीप्रसाद भूत को अग्रवाल, मारवाड़ी समाज सहित परिचितजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया है।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

### आईटीबीपी ने मनाया स्थापना दिवस



**छुरिया।** आईटीबीपी ने सामरिक मुख्यालय एवं विभिन्न सीओबी ने स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। वाहिनी के द्वितीय कमान अशोक कुमार ने प्रातः बल ध्वजारोहण किया। बल कर्मियों को मिष्ठान वितरित किया गया। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सामूहिक भोज का आयोजन किया गया।

# शोभायात्रा 17 को, सदस्यों की जिम्मेदारी तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा के शिवमहापुराण कथा कार्यक्रम की तैयारियां अब पूरे शबाब पर है। समिति के सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपा दिया गया है। समिति के हर सदस्य के नीचे 8 से 10 और उनक नीचे 30-30 सेवादार रहेंगे। सैकड़ो सेवादारों के भरोसे कार्यक्रम को सफल बनाने की व्यापक तैयारियां किया गया है।

समिति के जित्तू गोयल ने बताया कि समिति में मुख्य रूप से 11 सदस्य है। सभी ने साथ मिलकर तय किया है कि कौन किस व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेगा। सुधांशू यादव को भोजन भंडारे की जिम्मेदारी दिया गया है।

इसी प्रकार खम्हन ताम्रकर को शौचालय और स्वछता, पुष्पेंद्र देवांगन को पेयजल, गोल्डी अग्रवाल को पंडाल, धरमु पटेल एवं राजू देवांगन शौचालय निर्माण, अनिल जैन एवं ऋषभ जायसवाल खाद्य सामग्री, ऋषभ ठाकुर को पार्किंग व्यवस्था, शिव गंधर्व, हरि वर्मा, खुमेश देवांगन, हेमशंकर साहू ,पंकज धुर्वे को अन्य व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। यजमानी की जिम्मेदारी जित्तू गोयल एवं सुनील गोयल को दिया गया है।

### कन्या शाला में भंडारा

समिति के अनुसार 7 दिनों तक चलने वाली शिवमहापुराण कथा के दौरान नागरिकों द्वारा भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भंडारे के दौरान सड़क जाम होने की संभावना को देखते हुए समिति ने कन्या स्कूल में व्यवस्था बनाना तय किया है। समिति ने बताया कि कथा श्रवण करने आने वालों को अपने साथ पानी की बाटल लेकर आना होगा। समिति द्वारा पंडाल में जगह जगह पानी का कैन रखा जाएगा। इन्ही कैन से भक्त बाटलों को भरकर पानी का सेवन करेंगे। पंडाल में पानी पाउच या डिस्पोजल गिलास में पानी नही दिया जाएगा।

### शोभायात्रा में शामिल होंगे 20 हजार

आगामी 17 जून को देउर मंदिर से कथा स्थल तक विशाल शोभायात्रा निकाला जाएगा। इस शोभायात्रा में 20 हजार से अधिक मातृ शक्ति के शामिल होने की संभावना है। शोभायात्रा को लेकर समिति ने 13 जून को जागरूकता अभियान चलाया। समिति के सदस्यों ने देउर मंदिर से पंडरिया तक पदयात्रा कर लोगों से शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की।






## सार समाचार

### शिक्षकों को चार दिवसीय प्रशिक्षण

**डोंगरगढ़।** राज्य शैक्षिक एवं अनुसंधान परिषद रायपुर के निर्देश पर प्राथमिक शाला की कक्षा पहली से तीसरी तक पढ़ाई कराने वाले शिक्षकों के लिए चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। गत दिनों प्रशिक्षण का शुभारंभ बीईओ बीरेन्द्र कौर गरचा, विकासखण्ड स्रोत समन्वयक ईनायत अली की उपस्थिति में हुआ। इस मौके पर राजेन्द्र ठाकुर, मोहन साहू, अमृतदास साहू, राजेश राजेकर, जनक साहू, प्रमोद सिरदार, दिनेश वर्मा, मास्टर ट्रेनर एवं डीआरजी राजेन्द्र कुमार साहू, नरेंद्र सिन्हा, शिवराम वर्मा, विद्यामती साहू, लक्ष्मी देवांगन, अमित वर्मा मौजूद थे। प्रशिक्षण के दौरान एससीईआरटी रायपुर के एसआरजी कृष्ण कुमार साहू ने निरीक्षण किया। र्यशाला के अंतिम सत्र मे विकासखण्ड स्रोत समन्वयक ईनायत अली ने सभी डीआरजी मास्टर ट्रेनर एवं सभी प्रशिक्षार्थी शिक्षक शिक्षिकाओं को एफएलएन की गतिविधियों को लागू करने एवं बच्चों के शैक्षणिक वातावरण में दक्षता लाने प्रेरित किया।



### हिन्दू जागरण मंच ने सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** हिन्दू जागरण मंच एवं साहू समाज के लोगों ने डोंगरगढ़ में हुए लव जिहाद के मामले में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग के संबंध में एक ज्ञापन कलेक्टर एवं एसपी को सौंपा है। गत दिवस सौंपे गए ज्ञापन में लव जिहाद का उल्लेख करते आरोपी की गिरफ्तारी की मांग भी की है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रांत विधि प्रमुख आयाम राजेश खांडेकर, जिला संयोजक आदर्श सिहं ठाकुर, विष्णु साव, विश्व हिंदू परिषद अरूण गुप्ता, पुष्पेंद्र साहू, महेंद्र साहू, रवि सिंह राजपूत, रोहित शर्मा, अरूण भास्कर गुप्ता, राहुल साहू आदि उपस्थित थे।



### जीवन बीमा की कार्यकारिणी गठित

**राजनांदगांव।** भारतीय जीवन बीमा निगम रायपुर मंडल के मुख्य जीवन बीमा सलाहकारों के वेलफेयर संगठन सीडब्ल्यूए का विगत दिनों राजधानी के होटल ग्रैंड इम्पेरिया में एकता यात्रा एवं भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें रायपुर डिवीजन के उत्कृष्ट मुख्य जीवन बीमा सलाहकारो को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। तत्पश्यात नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष अजीत साहू (बालोद), उपाध्यक्ष दुर्गेश पटेल राजनांदगाव व गजानंद वर्मा, सचिव विजय साहू भिलाई, कोषाध्यक्ष ऋषि निर्मलकर अभनपुर, उपकोषाध्यक्ष वेदप्रकाश साहू धमतरी, संयुक्त सचिव शेखर साहू रायपुर व पूर्णिमा साहू राजनांदगांव चुने गए। कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश झवर, भोपाल जोनल अध्यक्ष गिरिराज गुप्ता, मेंबरशिप कमेटी के अध्यक्ष कृष्ण मुरारी झारखंड, जोनल सचिव दिलीप तिवारी मंडला (एमपी) द्वारा किया गया। कार्यक्रम को अतिथियों ने संबोधित किया।




### प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज संयुक्त जिला राजनांदगांव, चौकी-मानपुर-मोहला एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई की बैठक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह खुज्जी विधायक भोलाराम साहू के मुख्य अतिथ्य एवं संयुक्त जिला अध्यक्ष ज्योतिषराम यादव की अध्यक्षता में कल 16 जून को दोपहर 12 बजे साहू धर्मशाला छुरिया में आयोजित की गई है। संयुक्त जिला के समस्त पदाधिकारी, संरक्षकगण, समस्त परिक्षेत्र, तहसील, ब्लॉक एवं नगर इकाई के पदाधिकारी अपनी-अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में माहिती योगदान प्रदान करने जिलाध्यक्ष ज्योतिषराम यादव, सेवकराम यादव प्रदेश संगठन सचिव एवं जिला महामंत्री, शत्रुहनलाल यादव अध्यक्ष, पन्ना यादव अध्यक्ष, शिवकुमार यादव अध्यक्ष, विष्णुराम यादव अध्यक्ष, कृष्णा यादव अध्यक्ष, हेमंत यादव उपाध्यक्ष ने अपील की है।

### निलंबन को वाजिब बता रहा गैर शिक्षक संघ

# आपसी कलह में गुम हो रही संगीत की स्वर लहरियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

संगीत और कला को समर्पित एशिया के सबसे प्रसिद्ध इंदिरा कला संगीत विवि का पूरे परिसर आपसी कलह के चलते संगीत की स्वर लहरियां गुम हो रही है। पहले विवि के जिस परिसर में आरोह अवरोह, राग और नृत्य साथ तबले की थाप सुनाई देती थी, वहां अब आपसी प्रतिद्वंदिता और खुद को बेहतर और करीबी साबित करने के होड़ उसे षडयंत्र केंद्र के रूप मे तब्दील करने में आमदा है।

एक ओर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेनि शिक्षक कुलपति ममता चंद्राकर की नियुक्ति को अवैध बताते बीते एक सप्ताह से अंबेडकर चौक में अनशन में काबिज है। वहीं दूसरी ओर नियुक्ति में अनियमितता को लेकर चार कर्मियों के संस्पेंशन को गैर शिक्षक कर्मचारी संघ ने वाजिब बताते हुए महामहिम को पत्र प्रेषित कर कारवाई की मांग की है। संघ अध्यक्ष प्रखर शरण सिंह ने बताया कि 2020 में विवि के तत्कालीन प्रशासन ने अपने करीबियों को उपकृत करने नियम विरूद्ध नियुक्ति कर दी है। जांच के दौरान पता चला कि विदेश के प्रमाणपत्र के आधार पर सहायक कुलसचिव, संगीत विवि के अधिवक्ता के अभिमत आधार पर इतिहास विभाग में सहायक प्राध्यापक, कत्थक नृत्य की उपाधिधारक की लोकसंगीत विभाग में और संविदा कर्मी को नियमित करने नियमों की अनदेखी की गई है। अध्यक्ष प्रखर शरण सिंह ने चारो कर्मचारियों के निलंबन को सही कार्रवाई बताते हुए महामहिम से उनकी नियुक्ति निरस्त करने की मांग की है।

#### कत्थक की डिग्री, लोक संगीत में नियुक्ति

संघ अध्यक्ष प्रखर शरण सिंह ने बताया कि लोक संगीत विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए संबंधित विषय में 55 प्रतिशत अंकों के साथ नेट/स्लेट/सेट परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए था, लेकिन पदस्थ असिस्टेंट प्रो.डॉ दीपशिखा पटेल ने एमए कत्थक की परीक्षा साल 2005, नेट कत्थक की परीक्षा 2006, पीएचडी कत्थक 2012 में पूरा किया और साल 2014 में एमए लोक संगीत की परीक्षा उत्तीर्ण की और मात्र इसी डिग्री के आधार पर उनकी नियुक्ति कर दी गई। हिस्ट्री ऑफ आर्ट एंड कल्चर में व्याख्याता के पद पर पदस्थ डॉ मंगलानंद झा की नियुक्ति को भी बिना भर्ती प्रक्रिया का पालन किए मात्र विवि के वकील के अभिमत आधार पर नियुक्ति कर दी गई असिस्टेंट रजिस्ट्रार विजय सिंह की नियुक्ति ऑस्ट्रेलिया के विवि से एमबीए की डिग्री और इन्फॉर्मेशन साइंटिस्ट के पद पर पदस्थ ज़े मोहन को संविदा से नियमित कर भर्ती दी गई।



#### कुलपति की नियुक्ति को लेकर अनशन जारी

कुलपति श्रीमती चंद्राकर की नियुक्ति को असंवैधानिक बताते हुए बीते एक सप्ताह से अनशन पर काबिज राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेनि शिक्षक बीआर यादव ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के रीट पीटिशन सिविल क्रमांक 1525 ऑफ 2019 के निर्णय, यूजीसी के विनियम 2018 के प्रावधान व विवि के अध्यादेश 171 की धारा 7 व राजभवन द्वारा जारी विज्ञापन के आधार पर पात्रता के विपरीत नियुक्ति की गई है। उन्होंने नियुक्ति समाप्त करने, विवि अधिनियम की धारा 10-6 अंतर्गत कुलपति द्वारा संपादित कार्रवाईयों को अपास्त करने और उनके कार्यकाल की जांच विवि अधिनियम की धारा 54 के अंतर्गत किया जाना चाहिए। बीआर यादव ने कहा कि देश प्रदेश की गरिमा के प्रतीक इंदिरा कला संगीत विवि के हित को देखते हुए तत्काल प्रभाव से विवि के वरिष्ठ प्राध्यापक को नियमानुसार प्रभारी कुलपति नियुक्त कर नवीन कुलपति की नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ करने की मांग पूरी होने तक वो अनशन पर बैठेंगे।

#### मचा हुआ है परिसर में कोहराम

नियुक्तियों को लेकर राजभवन से मिले पत्र के आधार पर जारी कारण बताओ नोटिस का निर्धारित समय में वाजिब जवाब नहीं देने पर विवि प्रशासन ने पहले तीन कर्मचारियों सहायक कुलसचिव विजय सिंह, सहायक प्राध्यापक लोकसंगीत विभाग दीपशिखा पटेल और सहायक प्राध्यापक इतिहास विभाग मंगलानंद झा को निलंबित किया, उसके बाद चुनावी कार्य में संलग्न ग्रंथालय में इंफामेशन साइंटिस्ट के रूप में पदस्थ ज़े मोहन की वापसी बाद उसे भी निलंबित कर दिया गया है। कारण बताओ नोटिस के जवाब बाद विवि प्रशासन की कार्रवाई पर प्रश्नचिन्ह, कार्यालय को भ्रमित करने और प्रकरण की दिशा भटकाने के उद्देश्य से जांच में सहयोग नहीं करने का दोषी मानते हुए चारो को छग सिविल सेवा नियम के तहत 28 मई को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। विवि सूत्रों के अनुसार संगीत विवि की पूर्व कुलपति प्रो.डॉ.मांडवी सिंह को हटाए जाने के मामले में भी वर्तमान कुलपति ममता चंद्राकर से भी राजभवन ने जवाब-तलब किया है। वहीं एक अन्य मामले में विवि में पदस्थ एससी वर्ग के प्राध्यापक ने कुलसचिव के खिलाफ अजा आयोग मे जातिगत प्रताडना की शिकायत की है। जिसकी जांच चल रही है।

# दुकान से नकदी रकम सहित सामान चोरी

### चोरी की अन्य घटनाओं से सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। जिसमें एक दुकान से नगदी रकम सहित पान मसाल व अन्य सामग्री, घर से सोने-चांदी का आभूषण चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर संबंधित थानों में अपराध दर्ज किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत 12 जून की रात ग्राम भानपुरी किरगी मोड स्थित शुभ किराना एवं जनरल स्टोर के शटर का ताला तोड़कर चोरों ने गल्ला में रखे 7000 रुपए व दुकान में रखे गुटखा पाऊच, पान मसाला, तेल की वाटल सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। चोरों ने दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे भी क्षतिग्रस्त कर दिए। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

#### खिड़की का जाली तोड़कर चोरी

डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोहका में एक घर की खिड़की का जाली तोड़कर अज्ञात चोर ने चांदी की पायल, चांदी की बिछिया एवं बच्चे का चुडा एक जोड़ी सोने का टॉप्स एवं नगदी रकम 20,000 रुपए को चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी मोरध्वज वैष्णव ने दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

#### सिटकनी उखाड़कर घर में घुसे चोर

इधर बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शिव शंकर सदन नीलगिरी पार्क कमला कॉलेज मार्ग के घर का सिटकनी उखाड़कर अज्ञात चोरों ने 1 सोने की चैन, 2 सोने का लॉकेट, 2 सोने की अंगुठी, 3 बच्चों का चुडा एवं नगदी रकम 1,20,000 रुपए की चोरी कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरो के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत लगातार हो रही चोरी की वारदात से आसपास के लोगों में भय व्याप्त होने लगा है।

### प्रधानपाठ बैराज पहुंची विधायक हर्षिता



**खैरागढ़।** प्रधानपाठ जलाशय बैराज का निरीक्षण डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने अवलोकन किया। इस दौरान आसपास गांव के किसानों ने प्रधानपाठ बैराज को लेकर पानी संबंधी समस्याओं की जानकारी विधायक को दी। मौके पर मौजूद सिंचाई विभाग के एसडीओ राजकुमार कोसरिया को विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने समस्या निराकरण को निर्देश देते हुए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने कहा। वहीं ग्रामीणों को आश्वस्त करते कहा कि ग्राम विकास व किसान हित को लेकर वे सजग हैं। जिला स्तर पर बात नहीं बनने पर वो विधानसभा पटल में मांगों व समस्याओं को लेकर सरकार का ध्यानाकर्षण कराने संकल्पित हैं। इस दौरान दाऊ भूपेंद्र सिंह ठाकुर, भीखम सिंहा, गौतमचंद जैन, घनश्याम सिंहा सहित ग्रामीण व कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 18 एवं 19 जून को

**राजनांदगांव।** शास. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में 18 एवं 19 जून 2024 को सुबह 9.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया हैं। प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से जीनस पॉवर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड जयपुर राजस्थान द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। वर्ष 2017 से 2023 तक शासकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी एवं प्रशिक्षण सत्र 2022-24 व 2023-24 के प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण पत्र (10वीं, आईटीआई, आधार कार्ड, पेनकार्ड, दो पासपोर्ट साईज फोटो) के साथ प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित हो सकते हैं।

# अग्रवाल सभा के द्विवार्षिक चुनाव में दो वर्ग निर्विरोध निर्वाचित

- आजीवन वर्ग का चुनाव 22 को

**राजनंदगांव।** अग्रवाल समाज की संस्था अग्रवाल सभा का द्विवार्षिक चुनाव 2024-26 के लिए होने वाले चुनाव में तीन वर्ग संरक्षक वर्ग, आजीवन वर्ग एवं साधारण वर्ग में कार्यकारिणी का चुनाव होना था। सभी तीन वर्गों में 05-05 सदस्य चुने जाने हैं।

15 जून को नाम वापसी के दिन संरक्षक वर्ग में कुल 9 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें से चार प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस ले लिए, शेष पांच प्रत्याशी का निर्विरोध निर्वाचन चुनाव अधिकारी उमाकांत भारद्वाज ने घोषित किया। संरक्षक वर्ग में लक्ष्मण लोहिया, नरेंद्र गोयल, निकुंज सिंघल, विकास अग्रवाल एवं शशांक अग्रवाल निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। इसी तरह साधारण वर्ग में कुल प्राप्त आवेदन 9 में से चार प्रत्याशियों ने आज नाम वापसी के दिन अपना नाम वापस ले लेने से इस वर्ग में भी निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ। इसमें सुरेश अग्रवाल, पवन लोहिया, देवेंद्र अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल एवं विवेक अग्रवाल निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।

चुनाव अधिकारी श्री भारद्वाज ने बताया कि इसी तरह आजीवन वर्ग में कुल 8 प्रत्याशियों ने अपना नाम निर्देशन दाखिल किया था। जिसमें से 15 जून नाम वापसी दिवस को एक प्रत्याशी के नाम वापसी पश्चात 7 उम्मीदवार शेष होने से 22 जून को चुनाव होगा। इस वर्ग में भी 5 प्रत्याशी चुने जाने हैं। शेष प्रत्याशी में नीतीश अग्रवाल, बिशन अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, राजेश खोखरिया, पुरुषोत्तम अग्रवाल, रमणीक अग्रवाल व राजेंद्र अग्रवाल शामिल हैं।

चुनाव अधिकारी उमाकांत भारद्वाज ने बताया कि द्विवार्षिक चुनाव के लिए 22 जून को दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक मतदान स्थानीय अग्रसेन भवन में होगा। शाम 7.30 बजे मतगणना प्रारंभ की जाएगी। तत्पश्चात विजयी निर्वाचित सदस्यों की घोषणा की जाएगी।




# पुलगांव थोक कपड़ा मार्केट में व्यवसासियों को प्लॉट देने आदेश

### रेरा का आदेश की केवीएम डेवलपर्स 36 प्लॉट 45 दिन के भीतर करें आबंटित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई




थोक कपड़ा मार्केट पुलगांव के व्यापारियों के पक्ष में रेरा से आदेश जारी हुआ है। आदेश में केवीएम डेवलपर्स को 36 प्लॉट 45 दिन के भीतर व्यवसाइयों को आवंटित करने का आदेश दिया है। केवीएम डेवलपर्स द्वारा थोक कपड़ा मार्केट की स्थापना के समय व्यवसाइयों से 128 प्लॉट आवंटित करने का एग्रीमेंट करते हुए पैसा प्राप्त किया था, किंतु 92 प्लाट को ही आवंटित किया गया। बचे हुए 36 प्लॉट फेस टू में आवंटित करने की बात कही गई थी। किंतु फेस टू का निर्माण भी लगभग पूरा होने के बाद भी 36 दुकानों का आवंटन नहीं किया गया। इसके विरुद्ध थोक कपड़ा व्यापारी संघ ने रेरा में शिकायत की। जिस पर फैसला सुनाते हुए 36 प्लॉट 45 दिन के भीतर आवंटित करने का आदेश पारित हुआ है। केवीएम डेवलपर्स के खिलाफ पहले ही कोतवाली थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज है। व्यापारियों ने बताया कि केवीएम डेवलपर्स द्वारा 128 प्लॉट देने का अनुबंध हुआ था। किंतु 92 प्लॉट ही दिए गए। बचे हुए 36 प्लॉट के संबंध में कहा गया कि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से मंजूरी नहीं मिली है, इसलिए प्लाट नहीं दे पा रहे हैं। फेज-2 पर मंजूरी मिलने के बाद प्लॉट दिया जाएगा। 2020 में फेज-2 को मंजूरी मिली, किंतु पुराने व्यवसाइयों को 36 प्लॉट नहीं दिए गए। इसके बाद मामला रेरा पहुंचा। जहां दोनों पक्षों को सुनने के बाद रेरा से यह फैसला आया।

### नाली एवं सड़क के ऊपर अवैध निर्माण तोड़ा

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में नालियों एवं सड़क के ऊपर का अवैध कब्जा तोड़ने का कार्य लगातार जारी है। जो कब्जाधारी सड़क के ऊपर अवैध कब्जा कर लिए है, नाली को जाम कर दिए हैं, उनके ऊपर ही कार्रवाई चल रही है। अवैध कब्जाधारियों को पूर्व में नोटिस दिया गया था। मुनादी भी चल रही है। प्रमुख रूप से कार्यवाही संतोषी पारा वार्ड 33 अंबेडकर भवन के पीछे से दुर्गा पंडाल, वार्ड 36 महामाया मंदिर, वार्ड 51 रेलवे लाइन के पीछे, वार्ड 14 नाली के ऊपर अवैध कब्जा हटाया गया। नगर निगम भिलाई द्वारा लगातार मुनादी भी कब्जा हटाने के लिए कराया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान जोन कमिश्नर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी, जोन के राजस्व अधिकारी, सुपरवाइजर आदि उपस्थित रहे। सभी क्षेत्रों में तोड़फोड़ के साथ ही डंपर से मालवा भी हटाया जा रहा है।

### राव, भाट समाज ने सांसद का किया सम्मान



**राजनांदगांव।** शहर इकाई जिला राव /भाट समाज के अध्यक्ष श्रवण कुमार भाट के नेतृत्व में आज पदाधिकारियों के साथ सांसद संतोष पांडे से सौजन्य मुलाकात किया। सांसद पांडे को दूसरा बार विजयश्री हासिल करने पर अध्यक्ष श्रवण कुमार भाट, हुबलाल राव, ललित भट्ट, नमन कुमार भाट सहित सामाजिक पदाधिकारी ने सांसद संतोष पांडे को फूलमाला पहनाकर व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

### खाद-बीज समय पर उपलब्ध कराएं

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, बीज निगम, कृषि विज्ञान केन्द्र, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर अग्रवाल ने जिले के किसानों को मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।















**अनदेखी: खेती किसानी का सीजन आते ही सक्रिय नजर आ रहे मौकापरस्त दुकानदार**

# जिले में धड़ल्ले से बिक रही घटिया दर्जे की कृषि उपयोगी कीटनाशक दवाइयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

हाल के दिनो में जिला मुख्यालय कवर्धा सहित अंचल में हुई बारिश के बाद खेती किसानी के कार्यों में तेजी आ गई है और किसान खाद, बीज, कीटनाशक सहित अन्य आवश्यकता को पूरा करने जुट गए हैं। ऐसे में कई मौका परस्त भी सक्रिय हो चुके हैं जो भोले भाले ग्रामीण किसानों को घटिया दर्जे के बीज, खाद तथा कीटनाशक थमाकर चोखी कमाई कर रहे हैं।

एक जानकारी के मुताबिक सार्वधित ठगी कीटनाशक दवा की बिक्री के नाम से की जा रही है। बताया जाता है कि इस समय जिले का शायद ही कोई ऐसा गांव होगा जहां कीट नाशक विक्रेता सक्रिय न हों। इन तथा कथित कीटनाशक दवा विक्रेताओं द्वारा बकायदा गांव-गांव में दुकाने खोलकर किसानो को सीधे तौर पर घटिया दर्जे की कीटनाशक दवा थमा कर चूना लगाया जा रहा है। इन कीट नाशक दवा विक्रेताओं के पास न तो कोई योग्यता होती है और न ही लायसेंस ही होता है, फिर भी इनके द्वारा कीटनाशक दवा का व्यवसाय खुलेआम किया जा रहा है।

सीधे तौर पर यूं कहें ये अवैध ढंग से कीटनाशक दवाओं की खुलेआम बिक्री कर लाखों की कमाई कर रहे हैं। यहां तक की कई दुकानदारों को तो बेंची जा रही दवा की उपयोगिता तक की भी जानकारी नहीं होती और वे इसे किसानो को गलत जानकारी देकर थमा देते हैं। जिसका खामियाजा किसानो का कई रूपों में भुगतना पड़ता है। वहीं इस बात का भी ध्यान नहीं रखा जाता कि दवा कालातीत है की नहीं, कई दुकानदार दवा की पेकिंग में अंकित तिथि को पेन से मिटा कर बिक्री कर रहे हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि कृषि प्रधान जिले में खेती किसानी के इन दिनो में कीटनाशक दवा की खासी मांग होती है, किसान अपनी कीमती फसलों को कीटों से बचाने तथा उनकी सुरक्षा के नाम पर हजारों रूपए सिर्फ कीटनाशक दवा पर ही खर्च देते हैं। किसानो की इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए फर्जी ढंग से कीटनाशक बेंचने वालों की अंचल में बाढ़ दिखाई दे रही है। हैरानी की बात यह है कि इन तथा कथित कीटनाशक विक्रेताओं की सुध शासन-प्रशासन तथा संबंधित विभाग भी नहीं ले रहा है जिसके चलते यह गौरख धंधा जमकर फलफूल रहा है।

### गैरअनुभवी भी चला रहे हैं कीटनाशक दुकान



जानकारों के मुताबिक कीटनाशक दवा फसलों के लिए जितनी आवश्यक व उपयोगी है उतनी ही खतरनाक भी है। इसके उपयोग में जरा सी भी लापरवाही न सिर्फ कीमती फसलों के लिए बेहद घातक हो सकती है बल्कि दवा का छिड़काव करने वाले के लिए भी ये नुकसानदायक हो सकती है। ऐसे में कीटनाशक दवा विक्रेताओं का योग्य व अनुभवी होना आवश्यक है जो किसानों को दवा के सही उपयोग, मात्रा तथा छिड़काव के समय बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दे सके। लेकिन वर्तमान में जिन लोगों द्वारा कीटनाशक दवा का व्यवसाय किया जा रहा है उनमें से अधिकांश लोग अयोग्य तथा गैर अनुभवी हैं।

### सरकारी दामों से अधिक पर बिक रही खाद

यही स्थिति कृषि उपयोगी खाद की भी है। यहां बताना लाजिमी होगा कि मानसून की दस्तख के साथ जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण और वनांचल ईलाकों में खाद बेंचने वाले दुकानदार सक्रिय हो गए हैं और वे गुणवत्ता विहीन खाद को उच्चकोटी का बताकर और सरकारी दामों से अधिक पर बेंचकर किसानो को जमकर चूना लगा रहे हैं। खेती किसानी के इस सीजन में यूरिया, पोटाश, डीएपी, रॉकड आदि की मांग सबसे ज्यादा होती है। हालांकि शासन-प्रशासन के दावों के मुताबिक जिले की सेवा सहकारी समितियों में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई लेकिन बताया जा रहा है कि मांग के अनुरूप इसकी उपलब्धता नहीं है। यही वजह कि किसान खुले बाजार से खाद खरीदने मजबूर हैं। जिसकी बेजा फायदा दुकानदार उठा रहे हैं। जानकारी के अनुसार खुले बाजार में दुकानदार न सिर्फ किसानो से अधिक दाम वसूल रहे हैं बल्कि उन्हें गुणवत्ता विहीन खाद भी थमा रहे हैं। बताया जा रहा है कि सरकारी समिति में यूरिया का दाम 266 बोरी, पोटाश 1750 बोरी, डीएपी 1350 बोरी तथा रॉकड 450 बोरी निर्धारित है। जबकि खुले बाजार में यूरिया 290 से 300 प्रति बोरी, राकड़ 470 रूपए बोरी तथा डीएपी 1550 रूपए प्रति बोरी बेंची जा रही है। वहीं डीएपी 1232 -16 में लोकल प्रिंट नही रहता जिसे दुकानदार भोले भाले किसानों को यही असली है बताकर ध?ल्ले से 15 सौ से 16 सौ रूपए में बेंचकर मुनाफाखोरी कर रहे हैं।

# पीएम के बदले शराब की मांग, वीडियो सोशल मीडिया पर वॉयरल

- परिजनो ने प्रशासन से की जांच व कार्यवाही की मांग
- जिले के वनांचल क्षेत्र रेंगाखार का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला स्वास्थ्य विभाग के एक से बढ़कर एक कारनामे सामने आ रहे हैं। स्थिति ये है कि हाल ही में जिला चिकित्सालय कवर्धा में एक के बाद एक तीन जच्चा-बच्चा की मौत के बाद जिला प्रशासन के मुखिया को जिला अस्पताल का निरीक्षण करना पड़ गया और मामले की जांच के निर्देश तक देने पड़ गए थे।

हालांकि मामले की जांच हुई या नहीं, किसी की जिम्मेदारी तय की गई या नहीं यह सब न तो अस्पताल प्रशासन ने सार्वजनिक किया है और न ही जिला प्रशासन की तरफ से कोई रिपोर्ट अथवा बयान सामने आया है। इसी कड़ी में अब जिला अस्पताल प्रशासन का एक ओर कारनामा जिले के वनांचल क्षेत्र रेंगाखार से सामने आया है। यहां एक मृतक ग्रामीण के परिजनो ने सरकारी अस्पताल के चिकित्सक पर पोस्ट मार्टम के एवज में शराब की बोतल मांगने का आरोप लगाया है। इतना ही नहीं परिजनो ने आरोपी चिकित्सक द्वारा शराब की बोतल मांगते हुए बकायदा एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वॉयरल भी किया है। हालांकि इस आरोप में कितनी सच्चाई है और वीडियों कितना सही है यह जांच का विषय है। लेकिन जिस ढंग से यह वीडियो सोशल मीडिया में वॉयरल हो रहा है उससे जिला अस्पताल प्रशासन की छबि जरूर तार-तार हो रही है। बताया जाता है कि रेंगाखार क्षेत्र में एक ग्रामीण की मौत के बाद उसका पोस्ट मार्टम किया जाना था।

लेकिन रेंखागार के सरकारी अस्पताल के चिकित्सक ने मृतक के परिजनो से शराब की बोतल की मांग करते हुए कहा कि वह अकेले पीएम नहीं कर पाएगा इसलिए उसे शराब की बोतल चाहिए। मृतक के परिजनो ने चिकित्सक के इस पूरे वार्तालाप का वीडियों बना डाला और उसे सोशल मीडिया पर वॉयरल कर दिया।

अब देखने वाली बात होगी कि शासन, प्रशासन और अस्पताल प्रशासन इस मामले में आगे क्या रूख आपनाते हैं। निश्चित रूप से यह एक बेहद संवेदनशील मामला है और इस तरह का मामला सामने आने पर प्रशासन का बगैर देरी किए इसकी निष्पक्ष जांच भी कराई जानी चाहिए और दोषी के विरूद्ध कार्यवाही भी की जानी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### विस अध्यक्ष डॉ.रमन आज कवर्धा प्रवास पर



कवर्धा। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह 16 जून दिन रविवार को कवर्धा के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। उनका निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कवर्धा के महाराणा प्रताप शौर्य भवन ठाकुर पारा में आगमन होगा तथा विशाल क्षत्रीय समागन एवं शौर्य शोभायात्रा में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विधानसभा अध्यक्ष डॉ सिंह दोपहर 2 बजकर 30 मीनट पर रायपुर खनिज नगर मौली श्री विहार से रवाना होकर पुलिस लाईन रायपुर हैलीपेड पहुंचेगे। वहां से 2 बजकर 45 मिनट में कवर्धा के लिए प्रस्थान करेंगे। पुलिस लाईन कवर्धा हेलीपेड में उनका 3 बजकर 15 मिनट में आगमन होगा। इसके बाद वे सीधे महाराणा प्रताप शौर्य भवन ठाकुर पारा कवर्धा पहुंचे। कार्यक्रम के बाद 4 बजकर 15 मिनट पर कवर्धा से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### डिप्टी सीएम विजय शर्मा आज कवर्धा में



कवर्धा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा 16 जनू को कवर्धा के एक दिवयीय प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे कल रविवार को 2 बजकर 30 मिनट को बोरियाकला स्थित कुशाभाउ ठाकरे परिसर से सड़क मार्ग से कवर्धा के लिए प्रस्थान करेंगे। 4.30 बजे कवर्धा आगमन होगा तथा महाराणा प्रताप जयंती समारोह में शामिल होगे।

# अब एसआईटी करेगी कोमल साहू के संदेहास्पद मौत की जांच

## गृह मंत्री ने दिए एसआईटी गठित करने के निर्देश



- धरमपुरा के पास फांसी पर लटका मिला था ग्रामीण का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के पिपरिया थाना क्षेत्र के ग्राम धरमपुरा में एक ग्रामीण की संदिग्ध मौत के मामले में प्रदेश के गृह मंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने मृतक के परिजनो की मांग पर मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित किए जाने के निर्देश दिए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उप-मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा ने ग्राम बिरकोना, थाना पिपरिया, जिला-कबीरधाम निवासी मृतक कोमल साहू पिता स्व. प्रेमलाल साहू की संदेहास्पद मृत्यु की निष्पक्ष उच्च-स्तरीय जांच के लिए एसआईटी गठित किए जाने के निर्देश अपर मुख्य सचिव को दिए है। गृहमंत्री ने प्रकरण की विशिष्टता एवं संवेदनशीलता के दृष्टिगत अनुसंधान हेतु 1 पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में 6 सदस्यीय विशिष्ट जांच दल तत्काल गठित करने हेतु निर्देशित किया है जिस पर जांच कमेटी गठित की गई है। इस जांच कमेटी में रामकृष्ण साहू पुलिस अधीक्षक जिला बेमेतरा श्रीमती नेहा पाण्डेय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, खैरागढ़, मोहन पटेल वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी प्रभारी सीन ऑफ क्राईम यूनिट, जिला-दुर्ग, सुश्री तनुप्रिया ठाकुर उप पुलिस अधीक्षक (अजाक), जिला-राजनांदगांव, विजय मिश्रा निरीक्षक जिला-राजनांदगांव तथा मयंक मिश्रा उप निरीक्षक जिला बेमेतरा शामिल है। उल्लेखनीय है कि गत 6 मई 2024 को कोमल साहू पिता स्व. प्रेमलाल साहू का शव पिपरिया थाना क्षेत्र के ग्राम धरमपुरा के पास फांसी के फंदे में लटका मिला था। जिस पर ग्रामीणों की सूचना पर पिपरिया पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक का शव बरामद किया था और मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया था। लेकिन मृतक के परिजनो की माने तो कोमल ने आत्महत्या नहीं की है बल्कि उसकी किसी ने हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटकाया है। परिजनो ने इस मामले की निष्पक्ष तथा सूक्ष्म जांच की मांग प्रदेश के गृहमंत्री से की थी जिस पर एसआईओ का गठन कर तत्काल जांच करने के निर्देश दिए गए है।

### परिजनो ने जताई हत्या की आशंका

मृतक कोमल साहू का शव 6 मई 2024 को पिपरिया थाना क्षेत्र के ग्राम धमरपुरा के पास एक पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका मिला था। मृतक के शव और घटना स्थल की परिस्थियों को देखते हुए परिजनो ने हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए प्रदेश के गृह मंत्री से मामले की सूक्ष्म जांच कराए जाने की मांग की थी।

# अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन कवर्धा शाखा का समर कैम्प आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन कवर्धा शाखा द्वारा एक सप्ताह का समर कैम्प आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों को योग, नृत्य, चित्रकला और कई पारंपरिक खेल सिखाए गए। इस समर कैम्प में बच्चो ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा को निखारा। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा का मुख्य उद्देश्य बच्चों को अदर एक्टिविटी और अच्छी चीजों के लिए भी प्रोत्साहित करना है जिसमें महिलाओं को भी सशक्त बनाने का प्रयास किया जाता है। जो बच्चे गरीब है उसे पुस्तके तथा जरूरत मंदों को आवश्यक सामान वितरित किया जाता है।। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन कवर्धा शाखा की अध्यक्ष श्वेता अमित अग्रवाल, बाल विकास प्रमुख स्मिता अग्रवाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसके अतिरिक्त शाखा सचिव हेमा अग्रवाल, पर्यावरण प्रमुख पूजा अग्रवाल, चंदा देवी अग्रवाल, मीनू अग्रवाल ने समर कैम्प के सफल आयोजन में अपना योगदान दिया।

# आज शौर्य दिवस के रूप में मनाई जाएगी महाराण प्रताप की जयंती

- डॉ.रमन, विजय शर्मा, भावना बोहरा आदि होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



भारत के शौर्य और स्वाभिमान के प्रतिक, सनातन धर्म रक्षक, युग पुरुष महाराणा प्रताप की 484 वीं जयन्ती 16 जून को कवर्धा में मनाई जाएगी।

महाराणा प्रताप की जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थिति रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा करेंगे। वहीं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद संतोष पांडेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, केंद्रीय अध्यक्ष राजपूत क्षत्रिय समाज 3738 दारा सिंह, केंद्रीय उपाध्यक्ष राजपूत क्षत्रिय समाज 3738 अनिल सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक सहित पांचो परिक्षेत्र के अध्यक्षगण शामिल होंगे।

कार्यक्रम की पूरी तैयारी कवर्धा नगर अध्यक्ष, राजपूत क्षत्रिय समाज चंद्रिका सिंह ठाकुर और सिंह नवयुवक मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व एवं समाज के वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। राजपूत क्षत्रिय समाज 3738 कवर्धा के मीडिया प्रभारी जीवेंद्र सिंह ठाकुर, अमन ने बताया की 16 जून को सुबह महाराणा प्रताप के प्रतिमा पर ध्वजारोहण एवं माल्यार्पण किया जायेगा। उन्होने बताया कि दोपहर 2.30 बजे से विशाल क्षत्रिय समागम सभा एवं शाम 04 बजे भव्य शौर्य शोभायात्रा का आयोजन किया जायेगा।

शोभायात्रा में समाज के नव युवकों द्वारा शौर्य का प्रदर्शन भी किया जायेगा। इसमें विभिन्न झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारत के शौर्य महाराणा प्रताप की जयन्ती की तैयारी जोरों शोरो से चल रही है जिसे लेकर समाज के सभी लोगों में काफी उत्साह है। उन्होंने बताया कि हिंदी कलेंडर के अनुसार 09 मई और अंग्रेजी कलेंडर के अनुसार 09 जून को विधिवत पूजा अर्चना कर मनाया गया।

# बरस नहीं सिर्फ गरज रहे हैं बदरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

इन दिनो पड़ रही भीषण गर्मी और उमस के बीच मौसम भी मानो कवर्धा के बासिंदों की अग्नि परीक्षा ले रहा है।

स्थिति ये है कि कवर्धा में हर रोज दूसरे पहर में बारिश के आसार बन रहें है और आसमान में काले बादल भी छा रहे हैं। लेकिन ये बादल सिर्फ गरज रहे हैं बरस नहीं रहे हैं। जिससे लोगों को भारी गर्मी के साथ उमस का सामना करना पड़ रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा की शुक्रवार, और शनिवार को भी कवर्धा के मौसम का कुछ ऐसी ही हाल था लेकिन हल्की बूंदाबांदी से ज्यादा बादल कुछ नहीं कर पाए। ऐसे में प्रतिदिन भोर फटने के साथ खिल रही चटक धूप मौसम को और भी ज्यादा सख्त बना रही है।

**क्षेत्रीय परिक्षेत्र में 75.40 प्रतिशत एवं अभ्यारण्य क्षेत्र में 64.07 प्रतिशत कम घटनाएं**

# जिले के वन परिक्षेत्रों में कम हुई अग्नि दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

वन विभाग के आंकड़ों और दावों के मुताबकि इस वर्ष विगत वर्षो की अपेक्षा जिले के क्षेत्रीय परिक्षेत्र में 75.40 प्रतिशत एवं अभ्यारण्य क्षेत्र में 64.07 प्रतिशत कम अग्नि घटनाएं सामने आई हँ। भारतीय वन सर्वेक्षण से प्राप्त सूचना अनुसार कवर्धा वनमंडल अंतर्गत 09 परिक्षेत्रों (क्षेत्रीय एवं अभ्यारण्य) के अग्नि प्रकरणों का अवलोकन करें तो विगत 04 वर्षों में कुल 1300 प्रकरण रकबा कुल 637.923 हेक्टेयर क्षेत्र चिन्हांकित किए गए हैं। कवर्धा वनमंडल के द्वारा अग्नि प्रकरणों पर लगातार त्वरित कार्यवाही कर अग्नि बुझाने की कार्यवाही की गयी है। कवर्धा वनमंडल के 07 क्षेत्रीय परिक्षेत्रों में पिछले 04 वर्षों में वर्ष 2021में सबसे अधिक 349 प्रकरण रकबा 207.050 हेक्टेयर चिन्हांकित किया गया। तत्पचात वर्ष 2022 से चिन्हांकित आंकड़े एवं क्षेत्र में कमी आई जिसके अनुसार वर्ष 2022 में 272 प्रकरण रकबा 123.302 हेक्टेयर, वर्ष 2023 में 146 प्रकरण रकबा 122.210 हेक्टेयर, वर्ष 2024 में 92 प्रकरण रकबा 30.069 हेक्टेयर क्षेत्र चिन्हांकित किया गया। भोरमदेव अभ्यारण्य के 02 परिक्षेत्रों में पिछले 04 वर्षों में वर्ष 2021 में सबसे अधिक 188 प्रकरण रकबा 61.996 हेक्टेयर चिन्हांकित किया गया।



तत्पचात वर्ष 2022 से चिन्हांकित आंकड़े एवं क्षेत्र में कमी आयी जिसके अनुसार वर्ष 2022 में 155 प्रकरण रकबा 65.580 हेक्टेयर, वर्ष 2023 में 73 प्रकरण रकबा 20.390 हेक्टेयर, वर्ष 2024 में 25 प्रकरण रकबा 7.326 हेक्टेयर क्षेत्र चिन्हांकित किया गया। विगत वर्ष की तुलना करें तो कवर्धा वनमंडल अंतर्गत 07 क्षेत्रीय परिक्षेत्रों में वर्ष 2023 में 122.210 हेक्टेयर क्षेत्र अग्नि प्रकरण हेतु चिन्हांकित किये गये तथा वर्ष 2024 में 30.069 हेक्टेयर क्षेत्र अग्नि प्रकरण हेतु चिन्हांकित किये। इस प्रकार विगत वर्ष की तुलना में 75.40 प्रतिशत क्षेत्र कम प्रभावित हुआ है। इसी प्रकार भोरमदेव अभ्यारण्य अंतर्गत 02 परिक्षेत्रों में वर्ष 2023 में 20.390 हेक्टेयर क्षेत्र अग्नि प्रकरण हेतु चिन्हांकित किये गये तथा वर्ष 2024 में 7.326 हेक्टेयर क्षेत्र अग्नि प्रकरण हेतु चिन्हांकित किये। इस प्रकार विगत वर्ष की तुलना में 64.07 प्रतिशत क्षेत्र कम प्रभावित हुआ है। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के द्वारा वर्ष में 15 फरवरी से 15 जून तक फारेस्ट फायर सीजन चिन्हांकित किया गया है। कवर्धा वनमंडल अंतर्गत विभिन्न परिक्षेत्रों में सतत गश्ती कर जागरूकता रैली, विशेष अग्नि सुरक्षा अभियान, क्षेत्रीय भ्रमण, अग्नि शामक यंत्र का उपयोग कर अग्नि प्रकरणों पर नियंत्रण करने हेतु पूर्ण प्रयास किए गए है।

# नगर के बाजार में बड़ी मात्रा में पहुंचने लगे अचार के आम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

माना जाता है कि बारसात शुरू होने के बाद आम पकने लगता है और वह अचार बनाने योगय नहीं रह जाता। इन दिनो अंचल में प्रायः हर रोज बारिश हो रही है जिसे देखकर ऐसी संभावना जताई जा रही है कि जल्द ही मानसून सक्रिय हो सकता है। संभवतः यही वजह है कि हाल के दिनो में हुई बारिश के बाद नगर के बाजार में आचार के आम की अचानक आवक भी बढ़ गई और मांग भी। हालांकि हर बार की तरह इस बार भी विपरीत मौसम की वजह से जिले में आम की पैदावार अच्छी नहीं हुई यही वजह है कि इस समय



नगर के बाजार में जो अचार का आम पहुंच रहा है वह बाहरी बताया जा रहा है। व्यापारी मण्डला, डिंडोरी सहित दूसरे शहरों से अचार के आम की खेप लेकर नगर के बाजार में पहुंच रहे हैं। जानकारी के मुताबिक इस समय बाजार में 200 रूपए प्रति सैकड़ा से लेकर क्वालटी प साईज के हिसाब से 4-5 सौ रूपए प्रति सैकड़ा के भाव में अलग-अलग किस्म का आम बिक रहा है। जिनकी लोगों द्वारा जमकर खरीदी की जा रही है। यहां बताना लाजिमी होगा कि आम का अचार बनाने में सबसे मुस्किल कार्य आम को काटना होता है लेकिन आम विक्रेताओं सहित कुछ अन्य लोगों ने इस काम को भी आसान कर दिया है। आम विक्रेताओं की दुकानों के आसपास ही कुछ ऐसी दुकाने भी लगी हैं जो खरीदे गए आम को प्रति सैकड़ा के भाव से काटने का काम कर रहे है। अचार के आम की अच्छी मांग होने के कारण इन लोगों का धंधा भी अच्छा चल रहा है। कुल मिलाकर इन दिनो नगर के बाजार में अचार के आम की जमकर पूछ परख बढ़ी है।

## खबर संक्षेप

### शक्कर कारखाना से पैसा नहीं मिलने से किसानों की बड़ी चिंता

**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के सरदार वल्लभभाई पटेल शक्कर कारखाना में किसानों का गन्ना का पैसा नहीं मिला है जिससे किसानों की बड़ी चिंता आज खेती के दिन आ गए हैं और किसानों के पास खाद बीज के लिए पैसे की सख्त जरूरत है लेकिन किसानों की गन्ना की पैसा जनवरी तक आया है उसके बाद फरवरी से एक बार भी किसानों के खाते में पैसा नहीं आया है, ऐसे में किसानों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बरसात के माह में ही प्रायः पैसों की सख्त जरूरत रहता है इसलिए शासन-प्रशासन से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द गन्ना की पैसे का ट्रांसफर किया जाए ताकि किसानों के खाद बीज लेने के लिए पैसा का सही समय में उपयोग हो सके नहीं तो किसान लोग ब्याज में पैसा लेकर काम कर रहा है जिसमें कोलेगांव के किसान के साथ-साथ धनेली, भगतपुर, रूसे, कोलेगांव, बसनी, सेमरकोना ऐसे कई गांव की किसान सरदार वल्लभभाई पटेल से गन्ना का पैसा नहीं मिलने से परेशान है। शत्रुहन साहू, मुकेश साहू, रामचंद्र साहू, वीरू साहू।

ज्योतिषी
(अंतर्राष्ट्रीय वशिक सम्राट)
बना बनाया काम बिगड़ना, ऊपरी हवा, पति पर स्त्री के वस में होना, शराब छुड़ने की गारंटी, वशीकरण मोहनी की गारंटी के साथ घरेलू समस्या, बच्चों का मन पढ़ाई में न लगना, शादी विवाह में अड़चन, प्रेम विवाह, सभी समस्या का निवारण, तंत्र-मंत्र वैदिक पद्धिति के द्वारा स्थायी हल।
पता- दीपक महाराज
रायपुर नाका, घोठिया रोड ज्योति विद्या मंदिर हाईस्कूल के पीछे कवर्धा
Mo. 9300415345

अक डंडुक अभियान पीएम जनमन के उद्देश्य एवं सूचकांक को भी शामिल करते हुए किया जा रहा है

# बैगा बसाहट ग्राम छिंदपुर में अक डंडुक अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के इतिहास में पहली बार साझा प्रयास जिसमें आदिम जाति बैगा समाज, जिला प्रशासन के समस्त विभाग, कवीर स्वयंसेवी एवं स्थानीय प्रतिष्ठित स्वयंसेवी संस्था गांधी ग्राम विकास समिति ग्रामोदय केंद्र के समन्वय से शुरू किया गया है। विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समाज के शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, जैव विविधता, आजीविका, वन संसाधन आधारित विकास को आगे बढ़ाने के लिए अक डंडुक अभियान 15 जून से 30 जुलाई 2024 तक चलेगा। अक डंडुक अभियान पीएम जनमन के उद्देश्य एवं सूचकांक को भी शामिल करते हुए किया जा रहा है। जिसका भव्य शुभारंभ ग्राम पंचायत बाँटीपथरा के आश्रित बैगा बसाहट ग्राम छिंदपुर से किया गया।

अक डंडुक अभियान में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर, पंचायत विभाग द्वारा आवास, राशन, पेंशन, भूमि सुधार के लिए हेल्प डेस्क, महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा कुपोषित बच्चों के लिए सेवाएं, आँगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से पोषण की सेवाएँ, वन विभाग द्वारा वन संसाधन एवं वनोपज से जोड़ने का समन्वित प्रयास किया गया। अक डंडुक अभियान का श्लोगन - अक डंडुक जिनगी कर बारो, पढ़न गोदन कर नाने जाबो।

वही समस्त ग्रामवासियों एवं बच्चों द्वारा जनजागरूकता रैली निकाली गई। जिसके द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण सहित विकास कार्यक्रम के जागरूकता के लिए किया गया। बैगा बच्चों को स्कूल भेजने के लिए चिन्हांकित किया गया। जिन्हे स्कूल में दाखिला एवं नियमित स्कूल भेजने का कार्य किया जायेगा।

अक डंडुक अभियान में ईतवारी राम मछिया बैगा प्रदेश अध्यक्ष आदिम जाति बैगा समाज ने कहा कि सब लोग अपनी संस्कृति के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण को लेकर हमको इस क्षेत्र में विशेष तौर पर ध्यान देने की जरूरत है।

### अभियान के साथ जुड़कर अपने बच्चों और अपना भविष्य बेहतर करें






वही कार्यक्रम में कवीर स्वयंसेवी की जानकारी देते हुए दीपक ने गांव के संपूर्ण विकास में युवाओं के जन सहभागिता को बढ़ाने एवं स्वास्थ्य और पोषण के साथ शिक्षा के क्षेत्र में जोड़ने के लिए कबीर स्वयंसेवी साथियों की भूमिका पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान दीपक ने कहा कि कबीर स्वयंसेवी जिला प्रशासन के साथ जुड़कर समुदाय का विकास को आगे बढ़ा सकते हैं। इसके लिए आज ही दिए हुए लिंक पर जाकर के कबीर स्वयंसेवी पंजीयन कर सकते है। कबीरधाम जिले में विभिन्न रचनात्मक और समाज के निर्माण के लिए बेहतरीन और सराहनीय प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समाज से भी लोगों ने उत्साहपूर्वक कबीर स्वयंसेवी के रूप में अपना पंजीयन कराया। वही बैगा समाज के लोगों ने संकल्प लिया कि बैगा गांव में बैगा आवास, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण, साफ-सफाई और कुपोषण को दूर करने, महिलाओं के स्वास्थ्य के मुद्दे पर कार्य करने के लिए बैगा कवीर स्वयंसेवी के रूप में अपना पंजीयन कराया। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा महिला, पुरुष एवं बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं दवाई का वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाइजर द्वारा रेडी टू ईट फूड एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष चन्द्रकांत यादव, सदस्य कोमल सिंह धारवैया, श्रीमती चित्ररेखा चौरे, मानस पटेल, गणेश धुर्वे एवं नितेश चंदेल कवीर स्वयंसेवी के साथ-साथ गाँव के बैगा महिला, पुरुष एवं बैगा बच्चों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

# डबराभाट से सारंगपुर खुर्द जाने मार्ग के सोल्डर की साफ सफाई की मांग



■ पीएम सड़क की मरम्मत एवं सुधार से आवागमन में राहत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित डबराभाट में जहां पीएम सड़क योजना के अंतर्गत डबराभाट से सारंगपुर खुर्द मार्ग तक 3 किलोमीटर की सड़क बनाई गई।

और समय-समय पर मरम्मत और सुधार ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है ताकि आवागमन पर लोगों को राहत मिल सके जानकारी के अनुसार जगह-जगह सड़क दरार और गड्ढे गड्ढे हो गई थी जिसकी मरम्मत सुधार डामरीकरण किया गया एक ओर सुधार डामरीकरण से किया गया वहीं दूसरी ओर पीएम सडक की शोल्डर किनारे की साफ सफाई नहीं किया गया जो शोल्डर किनारे कटीले खरपतवार उगाए जिनके कारण दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है यदि ठेकेदार ने शोल्डर किनारे की साफ सफाई करवा दिया जाए तो दुर्घटना से बचा जा सकता है।

# छूही में 25 हैंडपंप और दो सोलर पंप से मिल रहा ग्रामीणों को पानी

## जल जीवन मिशन से ग्राम छूही के 70 घरों में हो रही है पानी की आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के बोड़ला विकासखण्ड के ग्राम छूही में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए गांव में 25 हैंड पंप और दो सोलर पंप स्थापित है। इन सभी के माध्यामों से ग्राम में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने ग्राम छूही में पेयजल से संबंधित शिकायतों को दूर के भी निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अमले ने ग्राम छूही का निरीक्षण किया। टीम ने विभाग द्वारा स्थापित सभी 25 हैण्डपंप और सोलर द्वारा संचालित पंप का अवलोकन किया।

निरीक्षण में सभी हैण्डपंप और सोलर संचालित पंप सही पाए गए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के कार्यपालन अभियंता ने श्री जीपी गौंड ने बताया कि ग्राम छूही में पेयजल व्यवस्था के लिए स्थापित सभी हैण्डपंप और दो सोलर पंप में किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है।



ग्रामीणजन इसके माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जा रही हैं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम छूही में पाईप लाईन और घरेलू नल कनेक्शन का काम कर लिया गया है, और योजना के लिए बोर खनन हो गया है, जिसमें मोटर पंप डाल कर पानी की सप्लाई की जा रही है। इसके माध्यम से ग्राम छूही के 70 घरों में पानी की आपूर्ति की जा रही है। उन्होने कहा कि ग्राम में जलजीवन मिशन के अतर्गत पानी टंकी निर्माण के लिए जगह का चिन्हांन कर लिया गया था, लेकिन ग्राम में दो पक्षीय विवाद के कारण वहां पानी टंकी निर्माण नहीं हो पा रहा था।

कलेक्टर के मार्गदर्शन में दो पक्षीय को समझाया गया, इसके बाद ग्रामीण जन मान गए। ग्राम छूही में पानी टंकी का निर्माण प्रांरभ हो गया है। वर्तमान में 85 प्रतिशत कार्य पूर कर लिया गया है।

टंकी पूर्ण होन के बाद टंकी से पानी की सप्लाई की जाएगी। विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यों की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है और संबंधित निर्माण एंजेसी को कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए है।

# दिल्ली में होगा शंकराचार्य स्वामीश्रीः अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती जी का 22वां चातुर्मास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

'परमाराध्य' परमधर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामीश्रीः अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती '1008' का 22वां चातुर्मास्य व्रत अनुष्ठान दिल्ली में होगा। शंकराचार्य के मीडिया प्रभारी अशोक साहू ने बताया कि व्रत अनुष्ठान आगामी संवत 2081 गौ-संवत्सर आषाढ़ पूर्णिमा से भाद्रपद पूर्णिमा तदनुसार 21 जुलाई से 18 सितम्बर 2024 पर्यन्त आयोजित हो रहा है।



इस अन्तराल में अनेक धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होंगे।

वही शंकराचार्य के द्वारा प्रतिदिन नित्य पञ्चदेवोपासना सुबह 4:30 बजे से शाम 6 बजे तक किया जाएगा। इस अनुसार पूरे दिन अलग-अलग समय पर धार्मिक अनुष्ठान होगा। वही शाम 4 बजे से 6 बजे तक शंकराचार्य भगवान धर्म प्रवचन देंगे।

### गौ-संसद और श्रीविद्या साधना शिविर का आयोजन

चातुर्मास्य व्रत अनुष्ठान के साथ ही 5 दिन का गौ-संसद और श्रीविद्या साधना शिविर का आयोजन किया जाएगा। चातुर्मास्य कार्यक्रम स्थान नरसिंह सेवा सदन, 108, आदर्श नगर, ब्लॉक केपी, पूर्वी पीतमपुरा, पीतमपुरा, दिल्ली मे होगा। वही जानकारी के अनुसार भारतीय संस्कृति में संन्यास आश्रम को अत्यन्त आदरणीय स्थान प्राप्त है। संन्यासी परिव्राजक परम्परा में चातुर्मास्य के चार पक्षों में एक स्थान पर रहकर उस क्षेत्र के समस्त सनातनधर्मियों को अपने दर्शन, पूजन, भिक्षा-वन्दन, जिज्ञासा समाधान व प्रवचन आदि के द्वारा लाभान्वित करते हैं।

# शोभायात्रा 17 को, सदस्यों की जिम्मेदारी तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा के शिवमहापुराण कथा कार्यक्रम की तैयारियां अब पूरे शबाब पर है। समिति के सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपा दिया गया है। समिति के हर सदस्य के नीचे 8 से 10 और उनक नीचे 30-30 सेवादार रहेंगे। सैकड़ो सेवादारों के भरोसे कार्यक्रम को सफल बनाने की व्यापक तैयारियां किया गया है।

समिति के जित्तू गोयल ने बताया



कि समिति में मुख्य रूप से 11 सदस्य है। सभी ने साथ मिलकर तय किया है कि कौन किस व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेगा। सुधांशू यादव को भोजन भंडारे की जिम्मेदारी दिया गया है।

इसी प्रकार खम्हन ताम्रकर को शौचालय और स्वछता, पुष्पेंद्र देवांगन को पेयजल, गोल्डी अग्रवाल को पंडाल, धरमु पटेल एवं राजू देवांगन शौचालय निर्माण, अनिल जैन एवं ऋषभ जायसवाल खाद्य सामग्री, ऋषभ ठाकुर को पार्किंग व्यवस्था, शिव गंधर्व, हरि वर्मा, खुमेश देवांगन, हेमशंकर साहू ,पंकज धुर्वे को अन्य व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है।

### महिलाओं ने गांव में किया सफाई

**घुमका।** सरपंच फूलमती वर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान की शुरुआत गांधी चौक से की गई। महाराणा प्रताप चौक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर, बस स्टैंड, पंचायत परिसर, सहकारी बैंक, प्राथमिक एवं कन्या पूर्व माध्यमिक शाला परिसर एवं अटल बाजार में सफाई किया गया। अभियान में डाली दुबे, योगिता चंदेल, साधना गायकवाड, डिलेश्वर वर्मा, मितानिन एवं महिलाएं शामिल हुई।

### उल्लास से मनाया जाएगा ईद उल अजहा

**छुईखदान।** ईद उल अजहा को ध्यान मे रखते हुए स्थानीय थाने में शांति समिति की बैठक हुई। आगामी 17 जुन को ईद उल अजहा त्योहार है जिसे लेकर स्थानीय थाना परिसर में एसडीएम रेणुका रात्रे की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में त्योहार को धार्मिक सौहार्द के साथ मनाने पर चर्चा की गई।जिस पर नगरवासीयों ने सहमति दी। बैठक में तहसीलदार मोक्षदा देवांगन, थाना प्रभारी शिवकुमार गेंदले, उप निरीक्षक श्री सिन्हा, पन्ना मंडावी, पार्षद सिलोटिया सहित अन्य उपस्थित थे।

# सरकारी दुकानों में घटिया शराब खपाने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

शासकीय शराब दुकानों के संचालक लोगों की पसंद के बजाए अपनी मर्जी से शराब थमारहे है।दुकानों से बदबूदार देशी शराब खपाये जाने की जानकारी मिल रही है। कटली स्थित शराब दुकान में देशी शराब की 3 ब्रांड उपलब्ध है। शोले, यूनिक और रोमियों के नाम से बिक रही शराब को पीने के बाद शारीरिक परेशानी होने की शिकायत मिल रही है। शराब दुकानों से रोमियों ब्रांड की शराब सर्वाधिक खपाने की बात सामने आ रही है जिसमें दुर्गंध आने की शिकायत मिल रही है। रोमियों ब्रांड की शराब पीने के बाद लोगों को उल्टी दस्त होने और तबियत बिगड़ने की शिकायत सामने आने के बाद भी आबकारी विभाग गंभीरता से नहीं ले रहा है।

### शहर में बढ़ा शराब का कारोबार

कांग्रेस शासन के दौरान शराब की अवैध बिक्री को लेकर भाजपा अक्सर आंदोलन करते रही है। अब सत्ता परिवर्तन के बाद चौक चौराहों एवं पान की दुकानों में शराब की बिक्री होने के बाद भी भाजपा के लोग चुप है। जानकारी के अनुसार पहले शहर में करीब 100 शराब कोचिया सक्रिय थे जिनकी संख्या बढ़कर अब 500 तक पहुंच गई है। पुलिस एवं आबकारी विभाग के संरक्षण में कोचियों को धड़ल्ले से बड़े पैमाने पर शराब मुहैया कराया जा रहा है। बताया जाता कि बोरतलाव और कटली दुकानों में प्रति पेटी 200 रूपए कमीशन कोचियों से लिया जाता है।

## रक्तदान शिविर में 145 युवाओं ने किया रक्तदान

# रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में लगा रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

विश्व रक्तदान दिवस पर नवजीवन सेवा संस्थान एवं रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर शुक्रवार को शहर के यूथ क्लब भवन में हुआ। जहां 145 युवाओं ने रक्तदान किया। विगत वर्ष संस्था द्वारा आयोजित शिविर में 160 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया था।

शिविर में शहर के सभी डॉक्टर, व्यापारी, महिलाएं, युवा, कर्मचारियों ने रक्तदान किया। संस्था के सदस्य विकास सेठिया ने बताया कि नवजीवन सेवा संस्था 2015 से संचालित है। शुक्रवार की सुबह 10 बजे से शिविर का शुभारंभ जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, सीएमएचओ बीएल राज ने किया। शिविर के शुरू होने से पहले ही




बड़ी संख्या में युवक युवतियां ब्लड डोनेट करने शिविर में पहुंच चुके थे। युवाओं में यह जोश देकर सभी उत्साहित रहे। दोपहर 2 बजे तक 70 से अधिक लोगों ने ब्लड दे चुके थे। उन्होंने बताया कि शिविर में सरदार वल्लभ भाई पटेल शक्कर कारखाना के एमडी सतीष पाटिले, जन संपर्क अधिकारी गुलाब डड़सेना, कृषि विभाग के पांच कर्मचारी, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, चैम्बर ऑफ कामर्स के सदस्यों ने भी सहभागिता निभाई। शाम तक 145 लोगों ने रक्तदान किया। जिस जिला अस्पताल के ब्लड बैंक एवं निजी ब्लड बैंक द्वारा सुरक्षित रखा गया है।

उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा वाट्सअप के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को ब्लड मुहैया कराया जाता है। इसके लिए संस्था के सदस्य 24 घंटे सक्रिय रहते है। यही कारण है कि विगत 9 साल में 10 हजार से अधिक मरीजों को ब्लड मुहैया कराया जा चुका है।

### संस्थाओं का किया सम्मान

आयोजन के दौरान शिविर में समाज सेवा सहित -अलग क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्था का भी सम्मान किया गया। जिसमें ज्वांइन हैंण्ड, बेजुबा सेवा समिति, हरितिमा, हनुमत सेवा संस्थान एवं पशु चिकित्सक विनय मिश्रा को शिल्ड देकर सम्मानित किया गया।

### पहली बार रक्तदान करने वालों में दिखा उत्साह

145 युनिट रक्त दान करने वालों में युवाओं की संख्या अधिक रही। इनमें पहली बार रक्तदान करने वाले सदस्यों की संख्या 50 से अधिक रही। युवाओं ने बताया कि रक्तदान करने को लेकर मन में झिझक रहती थी। रक्तदान करने से झिझक दूर हुई। हमारे रक्त से किसी भी जान बचेगी। जो सुखद अनुभव रहेगा। इसके अलावा शिविर में सिख समाज, जैन समाज, मुस्लिम समाज, यादव समाज, गुप्ता समाज, ब्राम्हण समाज सहित अन्य समाज के सदस्य भी शामिल होकर रक्तदान किया।

हरिभूमि
पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071